तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, रविवार 20 सितंबर 2026

11 गणेश झांकी की तैयारी: विसर्जन स्थल पर रहेगी...



10 शिक्षिका योगेश्वरी साहू के यूट्यूब चैनल को ...



बलौदाबाजार | भाटापारा | तिल्दा-नेवरा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला

खबर संक्षेप

सतनाम सेना कार्यालय का उद्घाटन आज

खरोरा। नगर के मुख्य चौराहे पर स्थित बैंक आफ बरोदा के पास अखिल भारतीय सतनाम सेना कार्यालय का उदघाटन समारोह की भव्य तैयारी में सतनाम सेना के पूर्व ब्लाक अध्यक्ष पप्पू पुरेना के नेतृत्व में सतनाम सेना पदाधिकारी व कार्यकर्तागण जुटे हुए हैं। पंथी नृत्य अखाड़ा डीजे की अगवाई में भव्य सतनाम शोभायात्रा निकाली जावेगी। यह उदघाटन समारोह धर्म गुरु राजा गुरु बालदास साहेब के सानिध्य व मार्ग दर्शन में तथा जीव तारण गुरु सोमेश बाबा एवं छत्तीसगढ़ शासन के केबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब व अखिल भारतीय सतनाम सेना युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरु सौरभ साहेब की गरिमामयी उपस्थित में सम्पन्न होना है इस अवसर पर रायपुर जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल विशेष तौर पर उपस्थित रहेगें यह उदघाटन समारोह 20 सितम्बर रविवार को 3 बजे सम्पन्न होगा।

नवीन पीडीएस दुकान संचालन के लिए आवेदन 25 तक

बलौदाबाजार। पलारी ब्लाक अंतर्गत सहकारी समितियों के द्वारा ग्राम पंचायत फुडहरडीह, छेरकाडीह (स) और दतान (ख) में नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन किया जाना है। दुकान के लिए लैम्प्स, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति,वन सुरक्षा समिति, महिला स्व सहायता समूह, ग्राम पंचायतों अन्य सहकारी समितियों से 25 सितम्बर 2026 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। दस्तावेजों के साथ आवेदन पत्र कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पलारी में कार्यालयीन अवधि में आवेदन जमा कर सकते है।

हाथियों की दस्तक से ग्रामीणों में चिंता, 'गज रक्षक' ऐप से मिलेगा मोबाइल पर अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेल

बारनवापारा और सोनाखान वन क्षेत्रों में जंगली हाथियों की लगातार आवाजाही से ग्रामीणों में चिंता बनी हुई है। हाथियों के आबादी वाले क्षेत्रों के करीब पहुंचने से जहां जनसुरक्षा को लेकर खतरा बढ़ गया है, वहीं किसानों की खरीफ फसलों को भी नुकसान पहुंच रहा है। ग्राम खर्री पचपेड़ी के किसानों ने हाथियों द्वारा फसल रौंदे जाने से हुए नुकसान का मुआवजा दिलाने की मांग की है। हाथियों की सक्रियता के चलते ग्रामीणों और वन विभाग के अमले को कई बार रात में निगरानी और रतजगा करना पड़ रहा है। वन विभाग के अनुसार सोनाखान वन परिक्षेत्र सहित जिले के विभिन्न वन क्षेत्रों में इन दिनों हाथियों की गतिविधियां दर्ज की जा रही हैं। करीब 30 हाथियों का एक दल क्षेत्र में विचरण कर रहा है। इसके अलावा कुछ हाथी झुंड से अलग होकर भी विचरण कर रहे हैं। वन अमला और हाथी मित्र दल लगातार हाथियों की लोकेशन पर नजर रख रहे हैं। हाथियों की निगरानी के साथ अब ग्रामीणों को समय पर सूचना देने के लिए 'गज रक्षक' ऐप का उपयोग किया जा रहा है। ऐप पर पंजीकृत ग्रामीणों को उनके आसपास हाथियों की गतिविधि होने पर मोबाइल के माध्यम से अलर्ट मिलने की व्यवस्था है। इससे ग्रामीण समय रहते सतर्क होकर हाथियों के संभावित रास्ते और प्रभावित क्षेत्रों से दूरी बनाए रख सकेंगे।

30 हाथियों के दल की निगरानी, हाथी मित्र दल गांव-गांव पहुंचकर कर रहा जागरूक

गांव-गांव पहुंच रहा हाथी मित्र दल

वन विभाग की टीम और हाथी मित्र दल ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को लगातार जागरूक कर रहे हैं। ग्रामीणों को हाथियों के करीब नहीं जाने, उनके रास्ते में न आने तथा हाथियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर सावधानी बरतने की समझाइश दी जा रही है। किसानों को भी हाथियों की आवाजाही वाले क्षेत्रों में खेतों की ओर जाने से पहले सतर्क रहने कहा जा रहा है।



फसल नुकसान पर मुआवजे का प्रावधान

हाथियों के कारण फसल, मकान या अन्य संपत्ति को नुकसान होने पर शासन के निर्धारित प्रावधानों के तहत मुआवजा दिए जाने का प्रावधान है। खर्री पचपेड़ी के किसानों ने फसल क्षति का आकलन कर नियमानुसार मुआवजा दिलाने की मांग की है।

दशगात्र कार्यक्रम से पिकअप में सवार होकर वापस अपने गांव डमरू लौट रहे थे

पिकअप और ई-रिक्शा की भिड़ंत, 11 घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

बलौदाबाजार-लटुवा मार्ग पर शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में पिकअप वाहन और ई-रिक्शा की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इस दुर्घटना में 11 लोग घायल हो गए, जिनमें तीन महिलाएं और आठ पुरुष शामिल हैं। घायलों में दो की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। टक्कर इतनी तेज थी कि पिकअप अनियंत्रित होकर सड़क पर ही पलट गया। मिली जानकारी के अनुसार, डमरू गांव के निवासी ग्राम करमदा में आयोजित एक दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। कार्यक्रम संपन्न होने के बाद वे सभी पिकअप में सवार होकर वापस अपने गांव डमरू लौट रहे थे। इसी दौरान लटुवा के पास सामने से आ रहे ई-रिक्शा से पिकअप की सीधी भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई।



पुलिस व डायल 112 ने पहुंचाया अस्पताल

घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस और डायल-112 की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिसकर्मियों ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को वाहन से बाहर निकाला और इलाज के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया, जहां डॉक्टरों की टीम ने तुरंत प्राथमिक उपचार शुरू किया।

घायलों के नाम

हादसे में घायल हुए लोगों में काशी साहू (58), हेमलाल (62), महेंद्र साहू (46), उमा बाई पैकरा (44), सत्यवती पैकरा (19), प्रमोद सिंह पैकरा (28), लुमन ध्रुव (20), द्रोणचत्या विश्वकर्मा (17), शिवदयाल साहू (55), खोमन सिंह (45), दुलारी ध्रुव (37) और शिव कुमार साहू (50) शामिल हैं।

कलेक्टर ने दिए बेहतर इलाज के निर्देश

हादसे की खबर मिलते ही कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने संज्ञान लिया और तहसीलदार व प्रशासनिक टीम को जिला अस्पताल भेजा। अधिकारियों ने घायलों का हालचाल जाना और स्थिति का जायजा लिया। कलेक्टर ने डॉक्टरों को सभी घायलों का त्वरित और समुचित इलाज सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। वहीं पुलिस ने मामले को दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

ग्रामीणों ने स्वेच्छा से पुलिस को सौंपे 106 हथियार और आपत्तिजनक सामान



हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा नेवरा

- रायपुर ग्रामीण पुलिस का 'सेवा संकल्प अभियान', जनभागीदारी से अपराध रोकथाम की पहल

अपराधों की रोकथाम और जनसहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से रायपुर जिला ग्रामीण पुलिस द्वारा चलाए जा रहे 'सेवा संकल्प अभियान' का सकारात्मक असर सामने आया है। अभियान के तहत पुलिस गांव-गांव पहुंचकर सरपंचों, जनप्रतिनिधियों, युवाओं और ग्रामीणों से संवाद कर अनावश्यक रूप से हथियार अथवा आपत्तिजनक सामान रखने से होने वाले संभावित नुकसान के प्रति जागरूक कर रही है। ग्रामीण एसपी श्वेता सिन्हा के मार्गदर्शन में चल रहे अभियान के दौरान सरपंचों और जनप्रतिनिधियों की पहल पर ग्रामीणों ने स्वेच्छा से हथियार और अन्य आपत्तिजनक सामान पुलिस को सौंपे। तिल्दा-नेवरा थाना क्षेत्र में अब तक कुल 106 हथियार एवं अन्य आपत्तिजनक सामान पुलिस के समक्ष जमा किए गए हैं। इनमें पूर्व में सौंपे गए 15 हथियार एवं अन्य आपत्तिजनक सामान के ⏭ शेष पेज 10 पर

खबर संक्षेप



धोबी समाज का प्रदेश स्तरीय बैठक आज

अर्जुनी। छत्तीसगढ़ प्रदेश धोबी समाज में एक संगठन एक प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव लोकतांत्रिक पद्धति के साथ कराने प्रदेश अध्यक्ष चुनाव के लिए चुनाव संचालन समिति का गठन करने प्रत्येक राज परिक्षेत्र जिला एवं प्रदेश से मतदाता सूची जारी करने एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर बिंदुवार चर्चा करने के लिए 20 सितंबर दिन रविवार को बलौदाबाजार जिला मुख्यालय स्थित थाना सिटी कोतवाली के सामने सामाजिक भवन में सुबह 11 बजे से एक दिवसीय प्रदेश स्तरीय बैठक का आयोजन रखा गया है। महत्वपूर्ण प्रदेश स्तरीय बैठक में शामिल होने के लिए छत्तीसगढ़ के 33 जिलों से जिला पदाधिकारी राज परिक्षेत्र के पदाधिकारी सहित प्रदेश स्तर के दिग्गज पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। बलौदाबाजार जिलाध्यक्ष श्रीराम रजक ने बताया कि प्रदेश स्तरीय बैठक की पूरी तैयारी कर ली गई है एवं बैठक को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए राज परिक्षेत्र एवं जिले के पदाधिकारी जुटे हुए हैं। मीडिया प्रभारी कमलेश रजक ने राज परिक्षेत्र एवं जिला के पदाधिकारियो को बैठक में शामिल होने की अपील की है।

मांठ में 11 सौ दीपों से दीपोत्सव, मोदी के दीर्घायु की कामना



खरोरा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन एवं भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर ग्राम मांठ में 1100 दीप प्रज्वलित कर दीपोत्सव मनाया गया। जनपद पंचायत तिल्दा की उपाध्यक्ष दुलारी सुरेंद्र वर्मा के नेतृत्व में मां महामाया प्रांगण स्थित श्री गणेश पंडाल में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घायु एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस दौरान ''जीवन संवारा, उनको नमन हमारा'' नारे के साथ बधाई दी गई तथा भगवान गणेश एवं विश्वकर्मा से विश्व की सुख-समृद्धि की प्रार्थना की गई। दुलारी वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रहा है। ग्राम के आदिवासी मोहल्ले, शनिदेव मंदिर परिसर, शासकीय हाईस्कूल एवं नवीन प्राथमिक शाला में भी दीप प्रज्वलित किए गए। गणेश आरती के बाद फल प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में सुरेंद्र वर्मा, चंद्रकांत साहू, हीरा वर्मा, रोशन वर्मा, शेषनारायण वर्मा, दिनेश साहू, यशवंत वर्मा सहित जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

पेज 9 का शेष

ग्रामीणों ने स्वेच्छा ...

अलावा ग्रामीणों द्वारा 72 कड़े और 19 चाकू भी पुलिस को सौंपे गए हैं। पुलिस का कहना है कि मामूली विवाद, कहासुनी अथवा अचानक उत्पन्न आक्रोश के दौरान आसपास मौजूद हथियार किसी छोटी घटना को गंभीर अपराध में बदल सकते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए अभियान में अपराध होने के बाद कार्रवाई के साथ-साथ अपराध की संभावित परिस्थितियों को घटना बनने से पहले रोकने पर जोर दिया जा रहा है। थाना विधानसभा, तिल्दा-नेवरा और खरोरा पुलिस द्वारा बच्चों एवं युवाओं को हथियारों से दूर रखने, पालकों को उनकी गतिविधियों पर नजर रखने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को देने के लिए भी ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। पुलिस के अनुसार अभियान का उद्देश्य ग्रामीणों और पुलिस के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर सुरक्षित एवं अपराधमुक्त वातावरण बनाने में जनभागीदारी सुनिश्चित करना है।

शिक्षिका योगेश्वरी साहू के यूट्यूब चैनल को मिला 'सिल्वर प्ले बटन'

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जब सीखना केवल किताबों तक सीमित न रहकर गतिविधियों, कहानियों, प्रयोगों और खेलों से जुड़ जाता है, तब शिक्षा बच्चों के लिए अनुभव बन जाती है। इसी सोच को साकार करते हुए शासकीय प्राथमिक शाला डोटोपार की शिक्षिका योगेश्वरी साहू ने शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार की एक नई मिसाल पेश की है। उनके यूट्यूब चैनल सीजी स्कूल योगेश्वरी साहू को 6 वर्षों की अनवरत मेहनत और रचनात्मक प्रयासों के बाद यूट्यूब द्वारा 'सिल्वर प्ले बटन से सम्मानित किया गया है। शिक्षिका योगेश्वरी साहू ने पिछले 6 वर्षों में बच्चों की सीखने की प्रक्रिया को मजेदार बनाने के लिए 2700 से अधिक शैक्षणिक गतिविधियों के वीडियो तैयार किए हैं। इन वीडियोज में बच्चों की सक्रिय भागीदारी रही है वे कभी खुद गतिविधियां करते, तो कभी कहानियां सुनाते, विज्ञान के प्रयोग करते या साथियों को सिखाते नजर आते हैं। इससे बच्चों में सीखने के साथ-साथ आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति की क्षमता भी बढ़ी है।यूट्यूब क्रिएटर अवार्ड्स के नियमानुसार, जब किसी यूट्यूब चैनल के 1 लाख सब्सक्राइबर्स पूरे हो जाते हैं और चैनल यूट्यूब की सभी नीतियों व दिशानिर्देशों का सफलतापूर्वक पालन करता है, तब यूट्यूब द्वारा क्रिएटर को 'सिल्वर प्ले बटन' दिया जाता है।

खेल-खेल में पढ़ाई कराकर गढ़ा नया मुकाम



छत्तीसगढ़ी संस्कृति और स्थानीय भाषा का समावेश

शिक्षिका ने स्थानीय संस्कृति और भाषा को शिक्षा से जोड़ते हुए छत्तीसगढ़ी लोककथाओं, बालगीतों, जनउला (पहेलियां) और हाना (लोकोक्तियां) को पढ़ाई का हिस्सा बनाया है। इसके अलावा चैनल पर विज्ञान के प्रयोग, खेल गतिविधियां, टीएलएम (शिक्षण-अधिगम सामग्री), पहाड़ा, गिनती और कविताओं को रोचक ढंग से प्रस्तुत किया गया है। शिक्षिका का मानना है कि बच्चे 'करके और देखकर' अधिक सहजता से सीखते हैं। यूट्यूब सिल्वर प्ले बटन मिलने पर यह साबित हो गया है कि 'शिक्षा जब गतिविधि बनती है, तो सीखना बच्चों के लिए खुशी बन जाता है।' शिक्षिका की इस शानदार उपलब्धि पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र टंडन, विकासखंड स्रोत समन्वयक गोपाल प्रसाद वर्मा, शाला परिवार और शुभचिंतकों ने उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

कलेक्टर ने छात्रावास और पीएचसी का किया निरीक्षण, अधीक्षक अनुपस्थित

छात्रावास अधीक्षक मिले अनुपस्थित, सफाई और वाटर कूलर खराब मिलने पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने शनिवार को बलौदाबाजार विकासखंड अंतर्गत ग्राम रसेड़ा एवं डमरू पहुंचे। उन्होंने ग्राम रसेड़ा स्थित शासकीय प्री मेट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान छात्रावास अधीक्षक लवकेश निराला अनुपस्थित मिले वहीं वाटर कूलर ख़राब व साफ़ -सफाई की कमी के कारण छात्रावास अधीक्षक को नोटिस जारी करने के निर्देश दीये। कलेक्टर ने उपस्थित छात्रों से अधीक्षक के नियमित छात्रावास मे रहने, भोजन की गुणवत्ता, कमरों की साफ सफाई, स्कूल ड्रेस, पुस्तक आदि के बारे मे जानकारी ली। उन्होंने वहां उपस्थित कर्मचारियों से छात्रावास की सीट संख्या, इस वर्ष की दर्ज संख्या की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि छात्रावास 50 सीटर है और इस वर्ष 29 छात्र प्रवेशित है। यहां रहने वाले अधिकांश छात्र निजी विद्यालय मे पढ़ते है। कलेक्टर ने इस दौरान रसोई,भण्डार क़क्ष शयन क़क्ष का अवलोकन किया। उन्होंने सब्जी और चावल की गुणवत्ता, प्रति दिन की मेंन्यु के सम्बन्ध मे रसोइये से पूछ-ताछ की, वहीं छात्रों के बेड शीट की हर सप्ताह धुलाई करने, साफ़- सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये। उन्होंने दरवाजे एवं अन्य टूट-फूट की शीघ्र मरम्मत कराने, नव प्रवेशित छात्रों के नाम सूची बद्ध कर नाम पट्टीका मे अंकित करने सहायक आयुक्त को निर्देशित किया।



डमरू पीएचसी में बुजुर्ग का बीपी चेक कराया

इसके पश्चात कलेक्टर ने ग्राम डमरू स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान बीपी चेक कराने आए बुजुर्ग द्वारका प्रसाद से हाल-चाल पूछा और उनका बीपी चेक कराया। बुजुर्ग द्वारका प्रसाद ने चश्मा की आवश्यकता बताई जिस पर कलेक्टर ने सीएमएचओ को तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने सीएचओ एवं एएनएम से हर माह डिलीवरी संख्या, प्रतिदिन ओपीडी संख्या, दवाइयों की उलब्धता की जानकारी ली और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, सीएमएचओ डॉ. राजेश अवस्थी, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास सूरज दास मानिकपुरी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

साहू समाज का तीज महोत्सव आज

भाटापारा। नगर साहू समाज, भाटापारा के तत्वावधान में भव्य तीज महोत्सव का आयोजन रविवार, 20 सितंबर को प्रातः 11:00 बजे साहू छात्रावास भवन, दानवीर भामाशाह चौक, परशुराम वार्ड, भाटापारा में आयोजित होगा। तीज महोत्सव के दौरान मातृशक्तियों के लिए पिछले वर्ष की भांति विभिन्न मनोरंजक एवं पारंपरिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें फुगड़ी, जलेबी लूट, गेंड़ी दौड़, इटा दौड़, कुर्सी दौड़, एकल एवं सामूहिक नृत्य सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं एवं गतिविधियां शामिल रहेंगी। इसके साथ ही भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। नगर साहू समाज द्वारा बताया गया कि तीज महोत्सव का उद्देश्य समाज की मातृशक्तियों को एक मंच प्रदान करने के साथ-साथ पारंपरिक संस्कृति, सामाजिक एकता एवं आपसी भाईचारे को मजबूत करना है।सभी मातृशक्तियों को विशेष उपहार, तीज महोत्सव के उपलक्ष्य में कार्यक्रम में शामिल होने वाली सभी मातृशक्तियों को नगर साहू समाज, भाटापारा की ओर से स्नेह स्वरूप उपहार भेंट किया जाएगा। वहीं विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को साहू कृषि केंद्र एवं कबीर जनरल स्टोर, की ओर से विशेष उपहार प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में समाज गौरव भाटापारा विधायक इन्द्र साव उपस्थित रहेंगे। 21 सितंबर 2026 दिन सोमवार को गुरु नानक वार्ड के वार्ड अध्यक्ष सुखदेव साहू के घर के पास तेली दिवस का कार्यक्रम नगर साहू समाज द्वारा मनाया जाएगा जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में इंद्र साव विधायक भाटापारा शामिल होंगे।



विकसित भारत के लिए नशामुक्त युवा-राष्ट्रीय संकल्प समारोह



हरिभूमि न्यूज ⏭ लवन

नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय राष्ट्रीय संकल्प समारोह का आयोजन 18 सितंबर को महाविद्यालय लवन में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत लवन के अध्यक्ष शिव मंगल सिंह चौहान,

विशिष्ठ अतिथि परामर्शदाता, नशा मुक्त प्रकोष्ठ, जिला अस्पताल बलौदा बाजार मोहिंदर घृतलहरे रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य यशवंत राज महिलाने ने की। समारोह में नशामुक्ति के लिए युवा शपथ, हस्ताक्षर अभियान तथा जिला स्तरीय रंगोली एवं चित्रकारी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना, क्षेत्रीय निदेशालय, भोपाल एवं रासेयो प्रकोष्ठ, छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग ने निर्देशानुसार छात्र-छात्राओं को नशे से बचने के गुण एवं समाज में नशामुक्ति के उन्मूलन के माध्यमों से अवगत कराया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। विद्यालयीन स्तर की चित्रकारी प्रतियोगिता में पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय की छात्रा यामिनी बघेल ने प्रथम तथा सत्येंद्र सिंह बरिहा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली में जेएनवी लवन की रिया बंजारे एवं स्नेहा पलांगे क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर रहीं। महाविद्यालय स्तर की चित्रकारी प्रतियोगिता में शारदा वर्मा प्रथम एवं मीरा साहू द्वितीय स्थान पर रहीं। रंगोली प्रतियोगिता में अनीता आडिल ने प्रथम तथा तरुणा वर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन अजय मिश्रा ने किया। उक्त आयोजन में सहायक प्राध्यापक तुलसी पैकरा, चंद्रशेखर दहरिया, अतिथि व्याख्याता कुलदीप पटेल एवं स्ववित्तीय शिक्षक प्रांजल पांडेय आदि उपस्थित थे।

शिविर में 35 से अधिक लोगों ने कराया परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

चंदा देवी तिवारी हॉस्पिटल में सिंधी समाज एवं चैंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्यों के लिए निःशुल्क हृदय रोग जांच एवं परामर्श शिविर आयोजित किया गया। इसमें 35 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। शिविर में डीएम कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. वेदप्रकाश वर्मा ने मरीजों की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया। बीपी, ब्लड शुगर एवं ईसीजी जांच निःशुल्क की गई। अस्पताल प्रबंधक डॉ. नितिन तिवारी के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में हृदय रोगों से बचाव के लिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और नियमित जांच कराने की सलाह दी गई। डॉ. वर्मा ने बताया कि अस्पताल में एंजियोग्राफी एवं एंजियोप्लास्टी जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। उनके अनुसार अब तक 25 से अधिक मरीजों की एंजियोप्लास्टी की जा चुकी है। आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र मरीजों को निःशुल्क उपचार की सुविधा भी उपलब्ध है। शिविर में सिंधी समाज अध्यक्ष इंद्र कुमार पंजवानी, विष्णु दुलानी, अशोक रोहरा, मंजू रोहरा, विमल गोविंदानी, राजकुमार देवानी, तारा परसवानी, कुलदीप चावला, भावना दुलानी सहित समाज एवं व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



छात्रा शिवानी साहू ने भाला फेंक में जीता कांस्य पदक



सिमगा। स्कूल शिक्षा विभाग की राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा स्पर्धा में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवापारा की छात्रा शिवानी साहू ने भाला फेंक में तृतीय स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। जगदलपुर में 17 से 21 सितंबर तक आयोजित स्पर्धा में 17 वर्ष आयु वर्ग में रायपुर संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए शिवानी ने 21 मीटर भाला फेंककर यह उपलब्धि हासिल की। कक्षा 11वीं की छात्रा शिवानी ग्राम मुड़पार निवासी हैं। जिला ओलंपिक संघ के सचिव आदित्य सिंह ने कहा कि उनकी उपलब्धि से अन्य छात्राओं को खेलों के प्रति प्रेरणा मिलेगी। व्यायाम शिक्षक वीरेंद्र पटेल ने भी शिवानी के प्रदर्शन की सराहना की। उपलब्धि पर जनपद अध्यक्ष दौलत पाल, प्राचार्य भीष्म कुमार पैकरा सहित जनप्रतिनिधियों एवं विद्यालय परिवार ने शुभकामनाएं दीं।

कसडोल में दूध 10 रुपए तक महंगा, गाय का 60 व भैंस का दूध 70 रुपए प्रति लीटर तय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

लगातार बढ़ती महंगाई, पशुओं के चारे-दाने की बढ़ी कीमतों और दूध उत्पादन की लागत में इजाफे को देखते हुए कसडोल क्षेत्र के दूध व्यवसायियों ने दूध के नए दाम निर्धारित किए हैं।

दूध विक्रेता संगठन कसडोल द्वारा आयोजित बैठक में क्षेत्र के सभी दूध विक्रेताओं और पशुपालकों ने एकमत होकर गाय और भैंस के दूध की नई दरें तय कीं। बैठक में निर्णय लिया गया कि अब कसडोल क्षेत्र में गाय का दूध 60 रुपए प्रति लीटर तथा भैंस का दूध 70 रुपए प्रति लीटर की दर से बेचा जाएगा। संगठन द्वारा जारी महत्वपूर्ण सूचना के अनुसार, बीते कुछ महीनों में पशुओं के लिए दाना, चूनी, भूसा, खली और अन्य खाद्य सामग्री की कीमतों में लगातार वृद्धि हुई है। इसके साथ ही पशुओं के पालन-पोषण, उपचार और देखभाल पर होने वाला खर्च भी बढ़ा है। इन परिस्थितियों को देखते हुए दूध उत्पादकों और विक्रेताओं ने आर्थिक संतुलन बनाए रखने के उद्देश्य से नई दर लागू करने का निर्णय लिया है।

बैठक में उपस्थित सभी दूध व्यवसायियों ने नई दरों पर सहमति जताते हुए निर्णय लिया कि यह व्यवस्था 16 सितंबर 2026 से प्रभावशील होगी। संगठन ने स्पष्ट किया है कि सभी सदस्य निर्धारित दरों का पालन करेंगे और संगठन की एकता बनाए रखेंगे। यदि कोई सदस्य तय नियमों का उल्लंघन करता है या निर्धारित दरों से अलग दूध का विक्रय करता है, तो उस पर 5000 का अर्थदंड लगाया जाएगा।



सुनसुनिया में अवैध रेत खनन-परिवहन का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ लवन

तहसील मुख्यालय से करीब 13 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत सुनसुनिया में पिछले करीब 15 दिनों से बड़े पैमाने पर रेत के अवैध खनन और परिवहन का मामला सामने आया है। ग्रामीणों के अनुसार ट्रैक्टरों के माध्यम से रेत निकालकर आसपास के क्षेत्रों में सप्लाई की जा रही है। इससे शासन को राजस्व की क्षति होने की आशंका जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि कुछ स्थानीय मजदूर रोजाना रेत उत्खनन के कार्य में लगे हैं। वहीं, प्रत्येक ट्रैक्टर से 600 से 700 रुपए तक की कथित वसूली किए जाने की बात भी सामने आई है। स्थानीय स्तर पर अवैध रूप से निकाली गई रेत को लवन, बलौदाबाजार, कसडोल सहित आसपास के क्षेत्रों में ऊंची कीमत पर बेचने की शिकायत ग्रामीणों ने की है। ग्रामीणों ने मामले में खनिज विभाग की भूमिका पर भी सवाल उठाए हैं। हालांकि लगाए गए संरक्षण और मिलीभगत के आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। जिला खनिज अधिकारी अवधेश बारीक ने कहा कि मामले की जानकारी मिली है और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



भोजन, स्वास्थ्य, स्वच्छता और विधिक सहायता की व्यवस्थाओं की हुई समीक्षा

जिला जेल निरीक्षण कमेटी ने किया जिला जेल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष विनीता वॉनर की अध्यक्षता में जिला जेल निरीक्षण कमेटी ने जिला जेल का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर कुलदीप शर्मा, पुलिस अधीक्षक गौरव राय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव आलोक पांडेय सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के तहत हुए निरीक्षण में बंदियों को उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं, भोजन, स्वास्थ्य, स्वच्छता और विधिक सहायता की व्यवस्था की समीक्षा की गई। कमेटी ने जेल की बैरकों, रसोईघर, स्वास्थ्य केंद्र, भोजन की गुणवत्ता, चिकित्सा सुविधाओं, शिक्षा एवं खेलकूद गतिविधियों तथा लीगल एड क्लीनिक का भी जायजा लिया। अधिकारियों ने बंदियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी ली।

बंदियों के कौशल विकास के लिए बांस से कुर्सी, टेबल, झूला और टोकरी आदि बनाने का प्रशिक्षण शुरू कराने आवश्यक व्यवस्था एवं प्रशिक्षक की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। जेल अधिकारियों को स्वच्छ वातावरण, पौष्टिक भोजन और नियमित स्वास्थ्य परीक्षण सुनिश्चित करने को कहा गया।

साथ ही बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता, अधिवक्ता नियुक्ति और विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं की जानकारी देने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, रोजगार, लोक निर्माण सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



कबड्डी में दो छात्राओं का राज्य स्तरीय क्रीड़ा स्पर्धा के लिए चयन

रवान। शासकीय हाई स्कूल भरसेला (बड़ा) की छात्राएं भूमिका साहू एवं शैल कुमारी ध्रुव का चयन राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के कबड्डी बालिका 17 वर्ष वर्ग में हुआ है। प्रतियोगिता का आयोजन 19 से 22 सितंबर तक दंतेवाड़ा में किया जा रहा है। दोनों छात्राओं ने नियमित अभ्यास और मेहनत के बल पर अपनी खेल प्रतिभा को निखारा है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन होने पर विद्यालय एवं संकुल केंद्र भरसेला में हर्ष का माहौल है। संकुल स्तर पर विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेल एवं अन्य गतिविधियों में आगे बढ़ने के लिए लगातार प्रोत्साहित किया जाता है। छात्राओं के चयन पर संकुल प्राचार्य फलेन वर्मा, संकुल समन्वयक अमित अवस्थी, कबड्डी मार्गदर्शक शिक्षक संतोष ध्रुव सहित शिक्षकगण लक्ष्मी ध्रुव, आकांक्षा तिवारी, कुसुमकांति टोप्पो, भारती पाण्डेय, विजय लहरे, हरिशंकर वर्मा, मोनिका साहू, ममता पाण्डेय, डॉ. कमलेश सेन, द्रोपती श्रीवास, माला साहू, ज्वाला कौशिक, ओजस्वीता ध्रुव, प्रेम लाल कन्नोजे, देवेंद्र गौतम, महेंद्र चौहान एवं सिरिश पंकज ने हर्ष व्यक्त करते हुए दोनों छात्राओं को शुभकामनाएं दीं।



खबर संक्षेप



हायर सेकेंडरी विद्यालय में 51 दीपों से मनाया सेवा संकल्प अभियान

सिमगा। शासकीय बालक हायर सेकेंडरी स्कूल सिमगा में सेवा संकल्प अभियान के तहत 51 दीप प्रज्वलित कर दीपोत्सव मनाया गया। विद्यालय परिसर में रंगोली सजाई गई। कार्यक्रम में शाला समिति अध्यक्ष दिनेश पाटकर मुख्य अतिथि तथा एल्डरमैन परस पाटकर विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने भी सहभागिता की। परस पाटकर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन और वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प का उल्लेख किया। दिनेश पाटकर ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य आशुतोष शर्मा ने विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। उन्होंने देश की सुरक्षा, आत्मनिर्भर भारत, खेलों के प्रोत्साहन और विकास से जुड़े विभिन्न कार्यों का उल्लेख किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने देशसेवा के प्रति समर्पण का संदेश दिया।

अर्जुनी में जले आशीर्वाद के दीप



अर्जुनी। ग्राम पंचायत अर्जुनी में 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्ष सार्वजनिक सेवा काल पूर्ण होने एवं 76वे जन्मदिन के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के तहत आशीर्वाद के दीए जलाए गए और दीर्घायु एवं स्वस्थ रहने की कामना की गई। इस अवसर में पंचायत कार्यालय में सभी वार्ड आंगनबाड़ी आवास लाभार्थी व शासकीय संस्थाओं को दीप बाती तेल माचिस का वितरण किया गया। जिसमें भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष नीरज परगनिया, सरपंच कविता भगेला ध्रुव, उप सरपंच विष्णु साहू, सचिव राजेश साहू, चित्र रेखा साहू, जवाहर वर्मा, डमरू धर वर्मा, संतोष वर्मा, टिकेश्वर सेन, उर्मिला वर्मा, सरिता शर्मा, चिंतामणि साहू, सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण जन शामिल हुए।

स्वामी आत्मानंद विद्यापीठ में शिक्षकों का हुआ सम्मान



भाटापारा। डॉक्टर खूबचंद बघेल सेवा समिति द्वारा संचालित स्वामी आत्मानंद विद्यापीठ में शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। संचालित स्वामी आत्मानंद विद्यापीठ के छात्र-छात्राओं ने लेखनी एवं श्रीफल प्रदान कर संस्था में कार्यरत शिक्षकों सविता यादव, मंजुलता ठाकुर, लता साहू, एवं योगेश्वरी का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के सम्मान समारोह में संस्था के प्राचार्य जयलाल कश्यप डॉक्टर खूबचंद बघेल सेवा समिति के संयोजक सेवाराम वर्मा, सचिव रमेश कुमार वर्मा के, हेमलाल वर्मा एवं स्वामी आत्मानंद विद्यापीठ के छात्र-छात्राएं एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

'मैं महानदी के पानी' ने मचाई डिजिटल धूम, 30 दिन में 1.15 लाख व्यूज पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

छत्तीसगढ़ी माटी, लोकभाषा और महानदी से जुड़े भावों को सुरों में पिरोया गया मंत्री टंकराम वर्मा का गीत 'मैं महानदी के पानी ओ' सोशल मीडिया पर तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। यू-ट्यूब पर रिलीज होने के महज 30 दिनों में गीत को 1.15 लाख से अधिक व्यूज मिल चुके हैं। इसके साथ ही सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर भी गीत के अंश साझा किए जा रहे हैं।

गीत में छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति, महानदी और लोकजीवन से जुड़े भावों को छत्तीसगढ़ी भाषा में प्रस्तुत किया गया है। सरल बोल और स्थानीय रंग के कारण इसे श्रोताओं की अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। गीत की लोकप्रियता उस समय और बढ़ी, जब मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तथा विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने भी इसे अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर साझा किया।

महानदी और छत्तीसगढ़ की पहचान से जुड़े इस गीत ने एक महीने में 1.15 लाख से अधिक व्यूज का आंकड़ा पार कर डिजिटल मंच पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है।

मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष ने भी किया शेयर



डिजिटल दौर में लोक संस्कृति को सहेजने का प्रयास: वर्मा

मंत्री टंक राम वर्मा ने गीत को मिल रही प्रतिक्रिया को छत्तीसगढ़ की लोकभाषा और सांस्कृतिक पहचान से जोड़ते हुए कहा कि 'मैं महानदी के पानी ओ' के माध्यम से अपनी माटी, लोकजीवन और संस्कृति को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि डिजिटल दौर में सोशल मीडिया लोक संस्कृति को युवाओं तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम बन रहा है। गीत को मिल रहे व्यूज और प्रतिक्रियाओं से छत्तीसगढ़ी लोकगीतों की डिजिटल पहुंच भी सामने आई है।

रायपुर एसपी ने किया पैदल निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद करने के दिए निर्देश

गणेश झांकी की तैयारी: विसर्जन स्थल पर रहेगी एनडीआरएफ की टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

खरोरा नगर में 26 सितंबर को आयोजित होने वाले गणेश झांकी की तैयारियों को लेकर प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। इसी कड़ी में रायपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक श्रीमती श्वेता श्रीवास सिन्हा ने खरोरा पहुंचकर आयोजन से जुड़ी व्यवस्थाओं का विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ सीएसपी श्री विरेंद्र चतुर्वेदी, थाना प्रभारी श्री विद्या भूषण भारद्वाज तथा आयोजक समिति युवा विचार संस्थान के अध्यक्ष तोरण ठाकुर, विकास ठाकुर, आयुष वर्मा, कुंदन वर्मा, संजय भट्ट, तामेश्वर मरकाम, गणेश देवांगन आदि प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक ने तिल्दा रोड, रायपुर रोड एवं बलौदाबाजार रोड से नगर के हृदय स्थल पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक पहुंचने वाली झांकी मार्ग एवं विसर्जन स्थल ताला तालाब तक पैदल भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने झांकी मार्ग में अवस्थित रखे भवन निर्माण सामग्रियों, यातायात में बाधा बनने वाले वाहनों तथा पेड़ों की छंटाई एवं सफाई तत्काल कराने का निर्देश दिए। साथ ही पूरे मार्ग में बेहतर प्रकाश व्यवस्था, सुगम यातायात पर विशेष जोर दिया।



हुड़दंगियों और नशाखोरों पर पुलिस की पैनी नजर, जल्द होगी धरपकड़

नशाख़ोर आपराधिक क़िस्म के लोगों पर पुलिस की नज़र, जल्द होगी इनकी धरपकड़। इस दौरान एसपी श्रीमती सिन्हा ने खरोरा पुलिस को के पुर्व नशाख़ोर, हुड़दंग एवं आपराधिक गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखने तथा असामाजिक एवं आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों के विरुद सघन जाँच एवं धरपकड़ चलाने के निर्देश दिए। ताकि आयोजन पूरी तरह शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं अनुशासित वातावरण में संपन्न हो सके। गौरतलब है कि कि खरोरा का श्री गणेश झांकी कार्यक्रम अपनी भव्यता, अनुशासन और सांस्कृतिक गरिमा के लिए प्रदेशभर में अलग पहचान रखता है। हर वर्ष हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति वाले इस आयोजन को लेकर इस बार भी प्रशासन, पुलिस विभाग एवं आयोजक समिति द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं।

सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश

बैठक के दौरान आयोजक समिति युवा विचार संस्थान के पदाधिकारियों के साथ सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था एवं विसर्जन कार्यक्रम को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि आयोजन के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा सुरक्षा व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। विसर्जन स्थल ताला तालाब का निरीक्षण करते हुए लोगों की सुरक्षा को ध्यान रखकर एमडीआरएफ की टीम तैनाती सहित अतिरिक्त पुलिस बल की व्यवस्था, बैरिकेडिंग एवं आपातकालीन सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही झांकी मार्ग एवं प्रमुख स्थलों पर बढ़ी संख्या में पुलिस जवानों तथा वॉलेंटियर की तैनाती का निर्देश दिए।

सेवा संकल्प अभियान के तहत प्रतियोगिताएं व नेवता भोज आयोजित





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रिसदा

प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला दशरमा में सेवा संकल्प अभियान के तहत विविध सांस्कृतिक एवं बौद्धिक प्रतियोगिताओं के साथ नेवता भोज का आयोजन किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने 'विकसित भारत' की परिकल्पना को रंगों के माध्यम से आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया। वहीं, भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपने विचार रखे। प्रतियोगिताओं में चयनित प्रतिभागी आगामी ग्रामीण, ब्लॉक, जिला एवं राज्य स्तरीय स्पर्धाओं में शामिल होंगे। इस दौरान विद्यार्थियों ने स्वच्छता पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के तहत आयोजित नेवता भोज में बच्चों को सेब, केला, खीर, पूरी और पापड़ सहित विभिन्न पौष्टिक व्यंजन परोसे गए। गांव के जनप्रतिनिधियों ने बच्चों के साथ बैठकर भोजन किया। कार्यक्रम में सरपंच मधु नीलकंठ साहू, जनपद सदस्य जगमोहन घृतलहरे (गोलू), प्रधान पाठक अशोक मांडले, सरोज वर्मा और संकुल प्रभारी फागराम डहरिया उपस्थित रहे। आयोजन में शिक्षक भानुमति बघेल, कुंती मनहारे, यशोदा ध्रुव, हिमेश्वरी साहू, शीला पैकरा, भारती वर्मा, कुमुदलता निर्मलकर, रोशनी सोनवानी, ललिता वर्मा सहित विद्यालय के शिक्षकों और विद्यार्थियों की सहभागिता रही।

छात्र-छात्राओं ने ड्रॉइंग-पेंटिंग से उकेरी 2047 के विकसित भारत की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार





सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिले के विद्यालयों मे 'मेरे सपनों का भारत' विषय पर ड्रॉइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी मे शनिवार को शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय मोहरा मे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने अपनी कल्पना और रंगों के माध्यम से वर्ष 2047 के विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध भारत की तस्वीर उकेरी। किसी ने डिजिटल क्लासरूम और अंतरिक्ष में तिरंगा लहराते भारत का चित्र बनाया, तो किसी ने ग्रीन एनर्जी, इलेक्ट्रिक वाहन, स्वच्छ गांव और महिला सशक्तिकरण से सशक्त होते भारत को कैनवास पर उतारा। छात्राओं ने कृषि, उद्योग, प्रौद्योगिकी, ग्रीन इकोनॉमी, योग-आयुर्वेद-संस्कृति, रक्षा-सुरक्षा, इंफ्रास्ट्रक्चर, क्वांटम एवं स्पेस टेक्नोलॉजी तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स आदि पर फोकस किया। विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम छात्राओं में राष्ट्रबोध, रचनात्मकता और कल्पनाशक्ति को बढ़ाते हैं। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने

एसडीआर अशोक कुमार ने किया एसबीआई आरसेटी का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान बलौदाबाजार में संचालित एलएमव्ही ड्राइवर प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान शनिवार को एसडीआर अशोक कुमार सिंह ने संस्थान का भ्रमण किया। इस अवसर पर उन्होंने जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक शिवकुमार कंवर, आरसेटी निदेशक बैजनाथ कुमार, आरसेटी स्टाफ एवं प्रशिक्षणार्थियों से मुलाकात की।

संस्थान भ्रमण के दौरान एसडीआर अशोक कुमार सिंह ने प्रशिक्षणार्थियों से आत्मीय एवं सार्थक संवाद करते हुए प्रशिक्षण की प्रगति, प्रशिक्षण के माध्यम से प्राप्त जानकारी एवं कौशल तथा प्रशिक्षण पूर्ण होने के पश्चात स्वरोजगार एवं रोजगार के उपलब्ध अवसरों के संबंध में चर्चा की। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण का अधिकतम लाभ उठाते हुए अपने कौशल को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही एसडीआर द्वारा आरसेटी के लिए स्वीकृत भूमि का भी भ्रमण एवं अवलोकन किया गया तथा संस्थान के आगामी विकास एवं गतिविधियों के संबंध में जानकारी ली गई। भ्रमण के दौरान आरसेटी स्टाफ के साथ प्रशिक्षण, सेटलमेंट एवं बैंक लिंकेज से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने संस्थान में संचालित प्रशिक्षण गतिविधियों, प्रशिक्षण व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए प्रशिक्षण की गुणवत्ता को बनाए रखने तथा प्रशिक्षणार्थियों को बेहतर मार्गदर्शन एवं सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया।

अर्जुनी स्कूल में पौधारोपण व प्रतियोगिताओं का आयोजन





अर्जुनी। शासकीय प्राथमिक शाला अर्जुनी में 19 सितंबर को सेवा संकल्प अभियान के तहत चित्रकला रंगोली प्रतियोगिता एवं वृक्षा रोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शिक्षा विद भंवर सिंह साहू द्वारा सरस्वती माता व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के छायाचित्र में दीप प्रज्वलित कर पुजा अर्चना किया गया। विद्यालय में सेवा संकल्प अभियान 2026 प्रदर्शित रंगोली बनाई गई एवं छात्र-छात्राओं द्वारा बाल हनुमान, यातायात सिग्नल, आवास, तिरंगा सहित विभिन्न चित्रकला प्रदर्शित की गई। साथ ही करण, कनेर, तुलसी के पौधों का विद्यालय परिसर में रोपण किया गया। इस अवसर में शाला विकास समिति के संरक्षक भूपेंद्र शर्मा, शिक्षाविद भंवर सिंह साहू, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, कन्हैया कटारे, संकुल समन्वयक राजकुमार साहू, प्रधान पाठक निर्मला वर्मा, कुंती साहू, अन्नपूर्णा ध्रुव, श्यामा साहू, निर्मला कुर्रे, कामनी साहू, सहित शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

मोहरा में आशीर्वाद का दीप प्रज्ज्वलित

हिरमी रावन। मोहरा में सेवा संकल्प अभियान के तहत प्रज्ज्वलित हुआ आशीर्वाद का दीप सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत गुरुवार को ग्राम मोहरा में भावपूर्ण वातावरण में आशीर्वाद का दीप प्रज्ज्वलित किया गया। अभियान के तहत ग्राम के विभिन्न शासकीय भवनों के साथ ही निजी भवन में भी दीप प्रज्ज्वलित कर सेवा, समर्पण और सद्भाव का संदेश दिया गया।इस अवसर पर आंगनबाड़ी भवन परिसर में श्रद्धा और उत्साह का वातावरण रहा। उपस्थित लोगों ने दीप प्रज्ज्वलित कर समाज एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम के दौरान सेवा भावना को जीवन में अपनाने तथा समाजहित में सकारात्मक भूमिका निभाने का संकल्प भी लिया गया। शासकीय भवनों एवं निजी भवन में आयोजित इस आयोजन में स्थानीय नागरिकों एवं संबंधित कर्मचारियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम ने ग्रामीणों को सेवा और सामाजिक एकजुटता के प्रति प्रेरित किया।



आमंत्रण
छत्तीसगढ़ शासन ग्रामोद्योग संचालनालय (हाथकरघा) के सौजन्य से
छत्तीसगढ़ कोसा एवं कॉटन हाथकरघा वस्त्रों की
श्री गणेश उत्सव के शुभ अवसर पर
वस्त्र प्रदर्शनी सह-विक्रय
दिनांक 18 सितम्बर से 24 सितम्बर 2026 तक
समय - सुबह: 11.00 बजे से रात्रि 10.00 बजे तक
स्थान-विप्र वाटिका गार्डन चौक
बलौदाबाजार (छ.ग.)
छत्तीसगढ़ प्रदेश के बुनकरों द्वारा निर्मित आकर्षक कोसा एवं कॉटन वस्त्रों का संग्रह
महामहिम राष्ट्रपति जी द्वारा पुरस्कृत छत्तीसगढ़ प्रदेश के हाथकरघा कुशल बुनकरों द्वारा निर्मित उत्कृष्ट कलात्मक वस्त्रों का प्रदर्शन
★ उत्कृष्ट कलात्मक कोसा साड़ियाँ
★ कोसा मलमल, कोसा ड्रेस मटेरियल
★ कोसा सलवार सूट, कोसा बाफ्ता
★ कोसा जॉकेट, कोसा शॉल
★ कॉटन साड़ियाँ, शर्टिंग, सलवार सूट
★ दुपट्टा, बेडशीट, पिलो कव्हर, रुमाल
★ लुंगी, टॉवेल, नेपकीन, गमछा इत्यादि
विशेष छूट 20%
प्राकृतिक रंगों से निर्मित वस्त्र, मनमोहक रंगों एवं आकर्षक डिजाइनों में उपलब्ध है।
प्रायोजक - छत्तीसगढ़ शासन ग्रामोद्योग विभाग एवं ग्रामोद्योग संचालनालय हाथकरघा रायपुर (छ.ग.)
आयोजक - जिला हाथकरघा कार्यालय, बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

HEALTH TOWN
न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मेटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
TPA की सुविधा
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें 9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर
मां और शिशु का विश्वास
एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध
पाइल्स
क्षार सूत्र विशेषज्ञ, 15000 से ऊपर सफल चिकित्सा, देश-विदेशों में भी प्रचलित।
समय : सुबह 9.30 से रात 8.00 बजे तक
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(25 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
9039050422, 9179455561
सरस्वती दाल मिल के सामने, गली नं. 3, अशोक विहार, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, फाफाडीह मेन रोड, रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप



विकसित भारत 2047 विषय पर बच्चों ने दी विभिन्न प्रस्तुति

खरोरा। सेवा संकल्प अभियान के तहत स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल गनियारी में शनिवार को /"विकसित भारत 2047 की थीम पर कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें बच्चों द्वारा भाषण, चित्रकारी एवं रंगोली बनाकर कला की प्रस्तुति दी गई। छात्रों द्वारा विकसित भारत में अनुशासन, समानता, नशामुक्त समाज और बालिकाओं की शिक्षा पर विशेष जोर देते हुए व्याख्यान दिया गया। बच्चों द्वारा विभिन्न चित्रकारी के माध्यम से विकसित भारत की झलक प्रस्तुत की गई जिसमे प्रमुख रूप से एआई से लेकर अंतरिक्ष तक भारत को महाशक्ति के रूप में उभरता हुआ दिखाया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य श्रीमती के. एल टोप्पो, शाला विकास समिति अध्यक्ष यशवंत वर्मा, सरपंच प्रतिनिधि राजेंद्र निर्मलकर, समिति के सदस्य भागीरथी वर्मा, ऋतु वर्मा, दिलेश्वर वर्मा, कुंजबिहारी वर्मा एवं अंग्रेजी माध्यम के समस्त स्टाफ सहित ग्रामीण भी मौजूद रहे।

श्रद्धालुओं ने उत्तम शौच धर्म की आराधना कर दिया संतोष व पवित्रता का संदेश



बलौदाबाजार। जैन समाज द्वारा मनाए जा रहे दशलक्षण महापर्व के चौथे दिन श्रद्धालुओं ने उत्तम शौच धर्म की आराधना श्रद्धा और भक्तिभाव से की। समाजजनों ने मंदिर पहुंचकर भगवान जिनेंद्र का अभिषेक, पूजन एवं आराधना की। शांतिधारा का सौभाग्य डॉ. डीसी जैन, डॉ. मुकेश जैन, डॉ. संकेत जैन एवं अनिकेत जैन परिवार को प्राप्त हुआ। प्रथम चार कलश क्रमशः दिनेश निश्चल जैन, दिनेश दीपांशु जैन, रमेश रितेश जैन एवं रितेश सम्यक जैन परिवार ने किए। उत्तम शौच धर्म का संदेश लोभ और तृष्णा से मुक्त होकर संतोष एवं पवित्रता अपनाने का है। जैन दर्शन के अनुसार लोभ व्यक्ति की इच्छाओं को निरंतर बढ़ाता है। इसलिए आत्मिक शुद्धि के लिए लोभ का त्याग और संतोष का भाव आवश्यक है। उत्तम शौच केवल बाहरी स्वच्छता नहीं, बल्कि मन, विचार और भावों की निर्मलता का भी प्रतीक है। दशलक्षण पर्व के दौरान समाजजन प्रतिदिन धर्म के विभिन्न स्वरूपों की आराधना के साथ आत्मचिंतन एवं आत्मशुद्धि का प्रयास कर रहे हैं। संध्या मंदिर परिसर में महाआरती हुई, जिसका सौभाग्य त्रिशलानंदन ग्रुप को प्राप्त हुआ। समाजजनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

बरबसपुर में झांकी का आयोजन 22 को

बिरकोनी। ग्राम बरबसपुर में गणेशोत्सव समिति युवा संगठन द्वारा 22 सितंबर मंगलवार को रात्रि 9 बजे दाई के दुलारवा भव्य झांकी का आयोजन किया गया है। संध्याकाल में गणेश पूजा अर्चना और महाप्रसादी के वितरण के बाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा।

चेम्बर ऑफ कॉमर्स ने सरकार से एमडीआर शुल्क शून्य रखने की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

यूपीआई भुगतान पर प्रस्तावित शुल्क को लेकर भाटापारा के व्यापारियों में चिंता

यूपीआई एवं डिजिटल लेन-देन पर व्यापारियों से प्रस्तावित शुल्क को लेकर व्यापारिक जगत में चिंता व्यक्त की जा रही है। भाटापारा के व्यापारियों एवं छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने स्पष्ट किया है कि डिजिटल भुगतान व्यवस्था के खिलाफ व्यापारी नहीं हैं, लेकिन डिजिटल लेन-देन का अतिरिक्त वित्तीय भार व्यापारियों पर डालना उचित नहीं है। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश उपाध्यक्ष अमरजीत सिंह सलूजा ने कहा कि वर्तमान समय में खुदरा एवं थोक व्यापार बेहद सीमित लाभ मार्जिन पर संचालित हो रहा है। देश में डिजिटल इंडिया और कैशलेस अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने में व्यापारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि यदि डिजिटल भुगतान पर 0.4% तक शुल्क अथवा 300 तक की कैपिंग जैसे प्रावधान लागू किए जाते हैं, तो इसका सीधा वित्तीय भार व्यापारियों पर पड़ेगा। एक ओर डिजिटल अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहित किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर उसके संचालन की लागत व्यापारिक वर्ग पर डालना उचित नहीं है।प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने केंद्र सरकार एवं वित्त मंत्रालय से मांग की है कि व्यापारियों के लिए भी सभी यूपीआई लेन-देन पर एमडीआर शुल्क पूर्णतः 0% रखा जाए। डिजिटल पेमेंट इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास एवं संचालन का खर्च बैंकों तथा सरकार द्वारा वहन किया जाए, व्यापारियों पर अतिरिक्त वित्तीय भार न डाला जाए।

व्यापारी डिजिटल पेमेंट के खिलाफ नहीं





श्रीचंद छाबड़िया ने स्पष्ट किया कि व्यापारियों का विरोध यूपीआई अथवा डिजिटल भुगतान व्यवस्था के खिलाफ नहीं है। यूपीआई ने भुगतान को तेज, सरल, सुविधाजनक और पारदर्शी बनाया है तथा कैशलेस अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार का अतिरिक्त शुल्क लागू करने से पहले उसके व्यापारियों, विशेषकर छोटे दुकानदारों एवं कम मार्जिन वाले कारोबारियों पर पड़ने वाले आर्थिक प्रभाव का गंभीरता से अध्ययन किया जाना चाहिए।चैंबर ऑफ कॉमर्स भाटापारा के अध्यक्ष गुरमुख गंगवानी ने कहा कि 15 अक्टूबर से यूपीआई भुगतान पर कारोबारियों से शुल्क लिए जाने की चर्चाओं के बीच व्यापारियों में चिंता एवं नाराजगी है। उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक डिजिटल लेन-देन पर अतिरिक्त खर्च जुड़ता है, तो उसका प्रभाव सीधे व्यापारियों के कारोबार पर पड़ सकता है और आगे चलकर इसका अप्रत्यक्ष प्रभाव ग्राहकों पर भी पड़ने की संभावना है। छोटे व्यापारियों को अतिरिक्त बोझ से बचाना जरूरी लक्ष्मीनारायण सोनी ने कहा कि यूपीआई ने भुगतान प्रक्रिया को तेज, सरल एवं पारदर्शी बनाया है। व्यापारी डिजिटल भुगतान व्यवस्था को मजबूत करने के पक्ष में हैं, लेकिन छोटे दुकानदारों, लघु व्यापारियों और कम मार्जिन पर कारोबार करने वाले व्यापारियों को किसी भी अतिरिक्त वित्तीय बोझ से बचाया जाना आवश्यक है।उन्होंने कहा कि सरकार एवं संबंधित संस्थाओं को व्यापारियों की वास्तविक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए शुल्क संबंधी किसी भी व्यवस्था पर पुनर्विचार करना चाहिए।

तिल्दा-नेवरा में उत्सव के उत्साह के बीच सड़कों की बदहाली, विसर्जन मार्ग में गड्ढों का विघ्न

सड़क पर जगह-जगह गड्ढें कागजों पर मार्ग दुरुस्त, श्रद्धालुओं को हो रही समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा-नेवरा



शहर में गणेश उत्सव पूरे शबाब पर है। गणेश पंडाल रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगा रहे हैं। कहीं ढोल-नगाड़ों की गूंज सुनाई दे रही है तो कहीं आरती के बाद श्रद्धालुओं को मालपुआ, गुलाब जामुन, रसगुल्ला, ब्रेड पकौड़ा, खिचड़ी और पोहा का प्रसाद वितरित किया जा रहा है। पुलिस और प्रशासन भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मुस्तैद नजर आ रहे हैं। कम से कम सरकारी प्रेस नोट और कागजों पर तस्वीर कुछ ऐसी ही दिखाई देती है। लेकिन जमीन पर तस्वीर इससे बिल्कुल अलग नजर आ रही है। गणपति बप्पा की सवारी के स्वागत के लिए शहर में फूलों की राह भले ही सजाई जा रही हो, लेकिन सड़कों पर जगह-जगह बने गड्ढे श्रद्धालुओं के लिए बड़ी परेशानी का कारण बने हुए हैं। शहर के बीच से गुजरने वाली पीडब्ल्यूडी की सड़कें हों या नगर पालिका द्वारा बनाई गई सड़कें कई हिस्सों में सड़क से ज्यादा गड्ढे नजर आ रहे हैं।कई जगह गड्ढों को दुकानदारो ने बोरो से भर दिया है ताकि इन गड्ढो में कोई व्यक्ति या दुपहिया फसकर गिर न जाए। भगवान गणेश को विघ्नहर्ता कहा जाता है, लेकिन उनके विसर्जन के रास्ते में नगर पालिका और पीडब्ल्यूडी ने जो गड्ढों के रूप में विघ्न बिछा रखे हैं, उन्हें आखिर कौन हटाएगा?

अब श्रद्धालुओं की चिंता सिर्फ दर्शन और प्रसाद तक सीमित नहीं है। गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान निकलने वाली शोभायात्राओं को इन्हीं सड़कों से गुजरना है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जब शहर की सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे हैं तो गणपति बप्पा की विदाई किस तरह सुरक्षित होगी?

श्रद्धालुओं का कहना है कि उत्सव के दौरान प्रशासन जिस तरह सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर सक्रिय दिखाई दे रहा है, उसी तरह विसर्जन से पहले प्रमुख मार्गों के गड्ढों की मरम्मत और सड़क व्यवस्था पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए।

बारिश थमते ही सड़कों का सुधार प्राथमिकता से होगा: सीएमओ

मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमिताभ शर्मा का कहना है कि बारिश थमने के बाद शहर की खराब सड़कों का प्राथमिकता के आधार पर सुधार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बार जो नई सड़क बनाई जाएगी पहले पानी निकासी की व्यवस्था की जाएगी ताकि बारिश के दिनों में सड़कों पर पानी जाम ना हो पानी रुकने के कारण सडको पर गड्ढे बन जाते है। उन्हने बतया नगरी प्रशासन विभाग की बैठक में भी खराब सड़कों को बारिश के बाद बनाने की चर्चा हुई है। गणेश उत्सव के दौरान इन रास्तों से रोजाना बड़ी संख्या में श्रद्धालु पंडालों तक पहुंच रहे हैं। स्थिति यह है कि सामान्य दिनों में भी दोपहिया वाहन चालक एक गड्ढे से बचने की कोशिश करता है तो अगले गड्ढे में फंसने का खतरा बना रहता है। रात के समय रोशनी और भीड़ के बीच यह परेशानी और बढ़ जाती है।

रक्तदान शिविर में महिलाओं व युवाओं ने दिखाई उत्सुकता

भाटापारा। सेवा संकल्प अभियान के अन्तर्गत में इंडियन रेडक्रास सोसायटी ब्लड बैंक जिला हासपीटल विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें समाजसेवी अरूण छाबड़ा बंटी शिविर में उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपना रक्तदान किया। शिविर की विशेष बात यह रही कि महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर रक्तदान में हिस्सा लिया और मानव सेवा के इस पुनीत कार्य में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्यामा पटेल, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेंद्र माहेश्वरी, डाक्टर अशोक वर्मा, विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी तथा समस्त जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। सभी ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। तथा अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने कहा कि रक्तदान एक महान सामाजिक सेवा है। हमारे द्वारा किया गया रक्तदान किसी जरूरतमंद मरीज के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। स्वस्थ एवं पात्र व्यक्तियों को नियमित रूप से रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। शिविर में रक्तदाताओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लेते हुए मानव सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। महिलाओं, युवाओं, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों की सामूहिक सहभागिता ने शिविर को सफल एवं प्रेरणादायी बनाया। सभी रक्तदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेंद्र माहेश्वरी ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य समाज में सेवा, सहयोग और जनभागीदारी की भावना को मजबूत करना है। इस रक्तदान शिविर के माध्यम से जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया गया।

करही बाजार चैंबर की नई कार्यकारिणी घोषित, रघुबर केशरवानी बने अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

चैंबर ऑफ कॉमर्स इकाई करही बाजार का विदाई एवं स्वागत समारोह शनिवार को समरसता भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चैंबर अध्यक्ष रघुबर प्रसाद केशरवानी ने की। समारोह में छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश उपाध्यक्ष चंद छाबड़िया, बलौदाबाजार चैंबर के पूर्व अध्यक्ष जुगल किशोर भट्टर, अध्यक्ष लक्ष्मी साहू तथा भाटापारा चैंबर अध्यक्ष गुरमुख गंगवानी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में निवर्तमान अध्यक्ष कृष्णा केशरवानी एवं उनकी कार्यकारिणी को कार्यकाल के दौरान व्यापारिक हित में किए गए कार्यों के लिए विदाई दी गई। वहीं नवनिर्वाचित अध्यक्ष रघुबर प्रसाद केशरवानी एवं उनकी टीम का स्वागत किया गया। लक्ष्मी साहू ने व्यापारियों को संगठित रहकर समस्याओं के निराकरण के लिए प्रशासनिक अधिकारियों से समन्वय बनाने की सलाह दी। जुगल किशोर भट्टर ने संगठन की मजबूती और व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देने पर जोर दिया। नई कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष सुनील पटेल, यशवंत देवांगन, सचिव मोतीराम देवांगन, कोषाध्यक्ष बसंत देवांगन व अनिल देवांगन, सह-सचिव कृष्णादास मानिकपुरी तथा वसूलकर्ता रामनारायण यादव शामिल हैं। कार्यकारिणी सदस्यों में हेमंत देवांगन, पुनीतराम वर्मा, रामखिलावन चौहान, शारदाराम, रमाशंकर पटेल, हीरानाम पटेल, रामप्यारे निषाद, लिलकूरम सेन, दीनदयाल देवांगन और मनोज तिवारी शामिल हैं। विशेष आमंत्रित सदस्यों में सियाराम चौधरी, कृष्णा केशरवानी, मुकेश केशरवानी, राजकुमार पटेल, श्रवण देवांगन और विकास केशरवानी शामिल हैं।

सामाजिक समरसता और बूथ मजबूती का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा छत्तीसगढ़ की प्रदेश कार्यसमिति बैठक शुक्रवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद शिवेश कुमार राम विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में प्रदेशभर में मोर्चा की संगठनात्मक एवं सामाजिक गतिविधियों की समीक्षा की गई। मंडल, जिला और बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने तथा समाज के विभिन्न वर्गों से निरंतर संपर्क-संवाद स्थापित करने पर चर्चा हुई। सामाजिक समरसता को प्राथमिकता देते हुए समाज के सभी वर्गों के बीच सहभागिता बढ़ाने का संकल्प लिया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवेश कुमार राम ने कार्यकर्ताओं से संगठन की विचारधारा और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया। प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने संगठन की कार्यपद्धति, अनुशासन और सक्रियता को मजबूत करने पर मार्गदर्शन दिया। बैठक में मंत्री दयालदास बघेल, गुरु खुशवंत साहेब, भाजपा प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं ने भी विचार रखे। अनुसूचित जाति समाज के सम्मान, अधिकार और सशक्तीकरण के लिए संगठन की भूमिका प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। बैठक में प्रदेश पदाधिकारी एवं जिलाध्यक्ष उपस्थित रहे।

8 खिलाड़ी सीबीएसई राष्ट्रीय जूडो चैंपियनशिप के लिए चयनित



भाटापारा। आधारशिला सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बीजामाट विद्यालय के 8 प्रतिभाशाली जूडो खिलाड़ियों का चयन सीबीएसई राष्ट्रीय जूडो चैंपियनशिप के लिए हुआ है। राष्ट्रीय स्तर की यह प्रतियोगिता 29 सितंबर से 4 अक्टूबर 2026 तक हरियाणा में आयोजित की जाएगी। राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ियों में चुरामणि पाल, नितेश कुमार देवांगन, निखिल वर्मा, झरना साहू, निलेश बांधे, सीमांत कुर्रे, पुष्कर वर्मा एवं प्रांजल ध्रुव शामिल हैं। विद्यालय के इन खिलाड़ियों ने अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासन, निरंतर अभ्यास एवं उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन के दम पर राष्ट्रीय स्तर तक अपनी जगह बनाई है। विद्यालय परिवार ने सभी चयनित खिलाड़ियों को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं।

दीपों से बनाया आयुष्मान भारत का लोगो

भाटापारा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश अवस्थी तथा खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेंद्र माहेश्वरी के निर्देशन में आयुष्मान आरोग्य मंदिर मोपका अस्पताल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर "आशीर्वाद का दीया" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन कर आयुष्मान भारत का लोगो बनाया गया, प्रधानमंत्री के जीवन एवं सेवा कार्यों पर प्रस्तुति तथा "सेवा के 25 वर्ष" विषय पर विशेष संबोधन किया गया। संस्था प्रभारी चिकित्सक आलोक तिवारी द्वारा चर्चा की गई। कार्यक्रम का समापन सुपरवाइजर टीकाराम वर्मा द्वारा आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापन एवं राष्ट्रगान के साथ किया गया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गोपी पैकरा, अनीता पैकरा, नरेंद्र साहू, पिंकी देवांगन, विजय ध्रुव, अरुणा पाटकर सहित ग्राम मोपका के जनप्रतिनिधियों, स्वास्थ्यकर्मियों, मितानिनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों ने कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।





जैन समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन 29 सितंबर को

भाटापारा। आगामी 29 सितंबर को अखिल भारतीय दिगंबर जैन समाज का युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन रायपुर में किया जाएगा। छत्तीसगढ़ सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा इस युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन अग्रसेन धाम रायपुर में किया जा रहा है। आयोजन समिति के संरक्षक विनोद जैन बड़जात्या, नरेंद्र जैन गुरु कृपा, विनोद जैन कोयला वाले संजय जैन बड़जात्या ने बताया है कि सम्मेलन में पधारने वाले सभी महानुभावों के यथोचित आवास एवं भोजन की व्यवस्था की जाएगी। आयोजन स्थल पर विवाह योग्य युवक - युवतीयों के परिवार जनों को आपस में वार्तालाप करने के लिए उचित केबिन एवं वातावरण प्रदान किया जाएगा। इस आयोजन के लिए विवाह योग्य युवक-युवतियों के परिचय की एक समारिका प्रकाशित की जाएगी। छत्तीसगढ़ सकल दिगंबर जैन समाज के कार्यकारी अध्यक्ष प्रकाश मोदी ने बताया है कि सभी जगह से युवक युवती परिचय सम्मेलन के लिए उत्साह का वातावरण है एवं युवक युवतियों के बायोडाटा सहित प्रविष्टियां प्राप्त हो रही हैं। आयोजन समिति के महासचिव गजेंद्र पाटनी कुनकुरी प्रदीप जैन विश्व परिवार संदीप जैन लोहरिया द्वारा जैन समाज से अपील की गई है कि वह अपने विवाह योग्य युवक युवतियों का परिचय का बायोडाटा भेज कर इस परिचय से सम्मेलन के आयोजन का लाभ उठाएं।



